**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 27 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा ने डिजिटल शासन और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को बरकरार रखा है। अक्टूबर 2024 से प्रदेश ने प्रगति डैशबोर्ड पर लगातार शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जो डिजिटल अपराध ट्रैकिंग और डेटा प्रबंधन में प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन को दर्शाता है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा चंडीगढ़ में राज्य सर्वोेच्च समिति की ली गई 30वीं बैठक में अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गई।गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि गत 22 मई तक सरल पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर 69 लाख 95 हज़ार से अधिक आवेदन संसाधित करके, समय पर सेवा प्रदान करने में हरियाणा पुलिस सभी विभागों में पहले स्थान पर है।

*****************************************************************************

हिसार से जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यू ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को अदालत ने कल14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक ज्योति के लैपटॉप और मोबाइल का डाटा रिकवर हो गया है।कुल 12 टेराबाइट का डेटा रिकवर किया गया है।बताया गया है कि पाकिस्तान यात्रा के दौरान ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लोगों से आमने सामने बैठकर बातचीत होती थी।

*************************************************************************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इस कडी में आज हम मेजर शैतान सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

***<u>दिसंबर 1924 में राजस्थान के जोधपुर में जन्मे मेजर शैतान सिंह साल 1949 में सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान मेजर शैतान सिंह ने 13 कुमाऊं रेजिमेंट की सी-कंपनी का नेतृत्व किया और पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित रेजांगला में एक रणनीतिक स्थान पर कब्जा किया। 18 नवंबर की सुबह चीन ने इस स्थान पर बड़ा हमला किया, उस समय इस जगह पर कंपनी की पांच पलटनें मौजूद थीं। जब दुश्मन सैनिक पहाड़ी नालों से आगे बढ़े तो भारतीय सैनिकों ने विनाशकारी गोलाबारी कर दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए, जिससे उसे भारी नुकसान पहुंचा। अत्यंत ठंड और बड़ी संख्या में दुश्मन के सैनिकों की मौजूदगी के बावजूद कुमाऊं रेजीमेंट की सात, आठ और नौ नंबर की पलटन ने बेजोड़ साहस के साथ लड़ाई लड़ी और आखिर तक जमीन पर रखना कब्जा बनाए रखा। मेजर शैतान सिंह ने अपने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वह एक पलटन पोस्ट से दूसरे पलटन पोस्ट पर अपने सैनिकों के साथ लड़ते रहे। घायल होने के बावजूद उन्हें जब निकाला जा रहा था, तो चीनियों ने उन पर मशीन गन से हमला कर दिया। मेजर शैतान सिंह ने जीवन के लिए खतरा महसूस करते हुए, अपने सैनिकों को उन्हें छोड़कर जाने का आदेश दिया। सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह को एक पहाड़ी की ढलान पर एक चट्टान के पीछे रखा, जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। मेजर शैतान सिंह को उनके सर्वोच्च साहस, नेतृत्व, कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।</u>***

******************************************************************************

हरियाणा के राजस्व आपदा एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने रेवाड़ी में कल हुई जिला लोकसंपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में एक शिकायत पर जनसुनवाई करते हुए रेवाड़ी के तहसीलदार को चार्जशीट करने के आदेश दिए। यह कार्रवाई एक जोहड़ की पैमाइश में देरी के कारण की गई।बैठक में 21 परिवाद रखे गए थे, जिनकी सुनवाई कर

सभी का समाधान कर दिया गया। मंत्री ने कहा कि तीन माह से अधिक समय तक कोई शिकायत बकाया होगी तो संबंधित अधिकारी से जवाब तलब किया जाएगा।

*************************************************************************

हथीन पुलिस ने एक हथियार तस्कर को पाँच कट्टा, 6 जिन्दा रोंद वा 2 खाली खोल सहित गिरफ्तार किया है।अपराध शाखा के पुलिस अधीक्षक मनोज वर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान ढीग जिला निवासी राहुल खान और हाल अबास के तौर पर हुई है।
आरोपी ने पूछताछ में बताया कि अवैध हथियार राजस्थान से लाए गए हैं जिन्हें मेवात व राजस्थान में सप्लाई करना था।

************************************************************************

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय में 2022, 2023 और 2024 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार घोषित किये हैं।
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के महानिदेशक राजीव रतन ने बताया कि राज्य सरकार ने अप्रैल में हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर पुरस्कार विजेताओं के नामों को अंतिम रूप दिया है।उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार और डॉ. राजकुमार को वर्ष 2022 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।